# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026


## भूमि विकास बैकं के नवनिर्वाचित चेयरमैन राजेद्रं सिहाग का रावतसर मे भंव्य स्वागत समारोह।

Publisher

Published on 06 Jun 2025



# किसानों के बेटे को मिली बड़ी जिम्मेदारी, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ – वक्ताओं ने जताई उम्मीद।

सवांदाता,रावतसर(हां
सी),राजस्थान

**रावतसर (हांसी):** पंचायत समिति रावतसर सभागार में आज **भूमि विकास बैकं** के **नवनिर्वाचित चेयरमैन राजेद्रं सिहाग** का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

इस मौके पर सरपंच यूनियन के **जिलाध्यक्ष धर्मपाल थालोड़** और **प्रधान प्रतिनिधि धर्मपाल सिहाग** ने साफा पहनाकर **राजेद्रं सिहाग** का अभिनंदन किया। वहीं, **पंचायत समिति प्रधान श्रीमती सरस्वती देवी** ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में पंचायत समिति के **सदस्यगण, सरपंचगण, ग्राम पंचायतों** के अधिकारीगण और स्टाफ के सदस्यों ने माल्यार्पण कर **चेयरमैन** का अभिनंदन किया।

**किसानों को होगा बड़ा लाभ : वक्ताओं के विचार**

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि किसान के बेटे को **भूमि विकास बैकं** की बड़ी जिम्मेदारी मिली है, जिसका लाभ निश्चित तौर पर किसानों को मिलेगा।

१. **नई योजनाओं के प्रचार-प्रसार से किसान ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित होंगे।**
२. **बैकं किसानों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण मे अंहम भूमिका निभाएगा।**
३. **किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी।**

**राजेद्रं सिहाग ने जताया आभार**
अपने स्वागत से भावुक हुए **चेयरमैन राजेद्रं सिहाग** ने कहा:
"मैं किसानों के हित में पूरी निष्ठा के साथ काम करूंगा। सरकार की जितनी भी योजनाएं हैं, उनका लाभ हर किसान तक पहुँचाना मेरी प्राथमिकता होगी। अधिक से अधिक योजनाओं का प्रचार-प्रसार करूँगा ताकि हर किसान को जागरूक किया जा सके।"

उन्होंने प्रधान **श्रीमती सरस्वती देवी, धर्मपाल सिहाग** सहित सभी निर्वाचित **जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों** और **कर्मचारियों** का शानदार स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया।

**समापन मे धंन्यवाद ज्ञापन**
कार्यक्रम के अंत में प्रधान **श्रीमती सरस्वती देवी** और **धर्मपाल सिहाग** ने समारोह में पधारे सभी **जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों** व कर्मचारियों का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर राजेंद्र सिहाग का सम्मान बढ़ाने के लिए सभी का धन्यवाद किया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.